SHIKSHA SAMVAD
International Journal of Multidisciplinary Research
ISSN: 2584-0983 (Online)
© Shiksha Samvad|Volume-02| Issue-04| June- 2025
Available online at: https://shikshasamvad.com/

# अंतरिक्ष की अनंत दुनिया एवं अंतरिक्ष पर्यटन

**सुरेन्द्र सिंह**

एम.एससी. (भौतिकी), एम.ए. (शिक्षा), बी.एड.
भौतिकी व्याख्याता एवं प्रेरक वक्ता, बी.आर.आर.पी.एस. श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज–गोंडा, उत्तर प्रदेश–भारत
ईमेल : subhsurendrasingh@gmil.com

**सारांश:**

*मानव सभ्यता सदैव से आकाश, तारों एवं अंतरिक्ष की रहस्यमयी दुनिया को लेकर उत्सुक रही है। जब प्राचीन काल में मनुष्य ने चाँद और तारों को निहारा, तब से ही उसके मन में यह प्रश्न उठता रहा कि आखिर इनसे परे क्या है? आधुनिक विज्ञान और तकनीक ने इस जिज्ञासा को और गहरा किया है। अंतरिक्ष विज्ञान की निरंतर प्रगति ने आज हमें इस स्थिति में पहुंचा दिया है कि जहां कभी केवल वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री ही जा सकते थे, अब आम इंसान भी अंतरिक्ष की यात्रा करने का सपना देख सकता है।*

**कीवर्ड,** विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष पर्यटन, अंतरिक्ष ।

## अंतरिक्ष की अनंत दुनिया :–

अंतरिक्ष एक ऐसी अनंत दुनिया है जिसकी कोई सीमाएँ नही हैं। इसमें असंख्य आकाश गंगाएँ, तारे, ग्रह, उपग्रह *और* ब्लैक होल जैसी अद्‌भुत घटनाएं मौजूद है। हमारे सौर मण्डल से लेकर अरबों प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगाएँ आज भी मानव सभ्यता के लिये रहस्य बनी हुयी है। विज्ञान ने भले ही चन्द्रमा और मंगल तक पहुंच बना ली हो, लेकिन अंतरिक्ष की गहराइयाँ आज भी हमारे लिये अनसुलझी पहेलियों से भरी पड़ी है।

## अन्तरक्षि पर्यटन की अवधारणा :–

अब तक अंतरिक्ष यात्रा केवल प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों तक सीमित थी, लेकिन निजी कंपनियों ने इसे आम नागरिकों के लिये संभव बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। स्पेसएक्स (Spacex), ब्लू ओरिजिन

(Blue Origin) और वर्जिन गैलेक्टिक (Virgin Galactic) जैसी कंपनियाँ व्यावसायिक अंतरिक्ष यात्रा को साकार कर रही है। हाल के वर्षों में कुछ पर्यटक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं और उन्होंने पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने का रोमांचक अनुभव साझा किया।

## संभावनाएँ और लाभ :–

अंतरिक्ष पर्यटन से विज्ञान एवं अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

पर्यटन उद्योग को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी। मानव को पृथ्वी से बाहर जीवन और पर्यावरण को समझने का अवसर मिलेगा।

## चुनौतियाँ :–

फिलहाल अंतरिक्ष पर्यटन अत्यधिक महंगा है। यह केवल अमीर व्यक्तियों की पहुंच तक सीमित है, इसके अलावा सुरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी जोखिम और पर्यावरण चिंताएँ भी बड़ी चुनौतियों के रूप में सामने है।

## निष्कर्ष :–

अंतरिक्ष की अनंत दुनिया मानव के लिये प्रेरणा और रहस्य का अद्वितीय संगम है। अंतरिक्ष पर्यटन अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, किन्तु भविष्य में यह सशक्त उद्योग के रूप में विकसित हो सकता है। सम्भव है कि निकट भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा भी हवाई यात्रा की तरह सामान्य हो जाए और हर व्यक्ति तारों के बीच का विचरण का सपना साकार कर सके।

अंतरिक्ष पर्यटन, पर्यटन की एक नई संस्कृति है। जो उन पर्यटकों के लिये है जो घूमने के लिये रोमांच की किसी भी हद तक जा सकते है।

अंतरिक्ष पर्यटन मानव द्वारा किसी पुर्नसृजन के उद्‌देश्य से अंतरिक्ष में कि गयी यात्रा को कहते है। अर्थात पृथ्वी के ऊपर 80 से 100 किमी की ऊंचाई पर जाकर पर्यटको को कुछ समय के लिये उस अलौकिक शून्य गुरूत्वाकर्षण एवं वातावरणविहीन माहौल का अहसास कराना है। विश्व के अमीर अन्तरक्षि पर्यटन को एक नये व्यावसायिक रूप ले रहे है। अमेरिका में व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों के लिये तीन प्रमुख अंतरिक्ष पर्यटन कंपनियों में प्रतिस्पर्धा है। इसमें पहली कम्पनी अरबपति सर रिचर्ड ब्रैनसन की वर्जिन गैलेक्टिक (Virgin Galactic) है। इस कम्पनी के यान वी.एस.एस. यूनिटि में ब्रैनसन के साथ तीन और लोगो ने 11 जुलाई 2021 को अंतरिक्ष में गए थे। दूसरी अंतरिक्ष पर्यटन कम्पनी अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन (Blue Origin) है। 20 जुलाई 2021 को जेफ बेजोस एवं तीन अन्य यात्रियों ने अंतरिक्ष की सफल यात्रा कर 4 मिनट तक शून्य गुरूत्वाकर्षण का अनुभव किया। तीसरी कम्पनी विश्व के सबसे अमीर अरबपति एलन मस्क की स्पेसएक्स (Spacex) है।

**© Shiksha Samvad| Received: 01 June 2025 | Accepted: 05 June 2025 | Published: 11 June 2025**

नासा (NASA) और फेडेरेशन एरोनॉटिक इण्टरनेशनल का मानना है कि कारमन लाइन से अंतरिक्ष प्रारम्भ हो जाता है। कारमन लाइन समुद्र की सतह से 100 किमी ऊपर है। अंतरिक्ष पर्यटन में मानव प्रतिस्पर्धा को माने तो वेजोस, ब्रैनसेन से आगे रहे। सर रिचर्ड ब्रैनसेन का यान 88 किमी तक जबकि जेफ बेजोस का यान 106 किमी तक अंतरिक्ष में गया था।

विश्व अंतरिक्ष पर्यटन में एक नया बाजार देख रहा है। वर्जिन गैलेक्टिक अपने यात्रा टिकट US $ 450,000 प्रति सीट की दर से बुक कर रही है। ब्लू ओरिजिन 250,000-475,000 USD की दर से जबकि स्पेसएक्स US $ 70 मिलियन प्रति सीट खर्च आता है, जिसमें लगभग एक वर्ष की ट्रेनिंग भी शामिल होती है। विश्व के पहले अंतरिक्ष पर्यटक अमेरिका के डेनिस टीटो है। टीटो वर्ष 2001 में एक रूसी सोयूज यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे। एलन मस्क की कम्पनी स्पेसएक्स चाँद और मंगल ग्रह पर भी पर्यटन की संभावना पर कार्य कर रही है।

नासा के अनुसार अंतरिक्ष यान को बाहरी अंतरिक्ष में पूरी तरह पहुँचने में 8:30 मिनट का समय लगता है।

पृथ्वी की सतह और कारमन लाइन के बीच ट्रोपोस्फीयर, स्ट्रेटोस्फीयर एवं मीसोस्फीयर स्थित है। इसके बाद थर्मोस्फीयर स्थित है, जहाँ से अंतरिक्ष की शुरूआत होती है। फिर एक्सोस्फीयर होता है, जिसे बाहरी अंतरिक्ष कहा जाता है। अंतरिक्ष में अन्धेरा रहता है, इसका कारण है कि अंतरिक्ष में कोई वस्तु नही होती हे जिससे सूर्य का प्रकाश परावर्तित होकर अंतरिक्ष यात्री को दिखाई दे। अंतरिक्ष में मटेरियल पार्टिकल्स का न होना अथवा वैक्यूम का होना प्रमुख कारण है। अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (I.S.S.) बाहरी अंतरिक्ष में अनुसंधान शोध स्थल है। पृथ्वी की सतह से इसकी औसत दूरी 400 किमी है। स्पेस स्टेशन को ऑर्बिटल स्टेशन भी कहते है। अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस सेन्टर 90 मिनट में लगभग 17,500 मील/घण्टा की चाल से हमारी पृथ्वी का एक दिन में 16 चक्कर लगाता है। इस प्रोजेक्ट में NASA, Russia, European Space Agency, The Conadian Space Agency And Japan Aerospace Exploration Agencia काम कर रही है। 18 देशों के 230 व्यक्तियों ने अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा किया है। भारत की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी आई.एस.एस. में अनुसंधान में कार्य कर चुकी हैं। यह स्पेस सेन्टर रात के समय आकाश में चन्द्रमा एवं शुक्र के बाद सबसे अधिक चमकदार है। जब कोई अंतरिक्ष यात्री किसी भी समय यान से निकलकर अंतरिक्ष में कदम रखता है, तो उसे स्पेस वॉक कहते है। 18 मार्च 1965 को पहली बार स्पेस वॉक रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनौव ने की थी। 24 घण्टे में I.S.S. पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। एक पृथ्वी दिवस की अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस सेन्टर पर सवार अंतरिक्ष यात्री को 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते है। आई.एस.एस. पर अंतरिक्ष यात्री 45 मिनट के दिन का उजाला और 45 मिनट का अन्धेरा का अनुभव करता है। चूंकि अंतरिक्ष में निर्वात होता है इसलिये वहां परमाणु नही होते है। इस

प्रकार वहां तापमान की अवधारणा मौजूद नही होती है। अंतरिक्ष न तो गर्म होता है और न ही ठण्डा होता है। अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष काला दिखाई देता है क्योंकि वहां न तो वायुमण्डल है और न ही प्रकाश का प्रकीर्णन हो पाता है, इसी कारण अंतरिक्ष काला दिखाई देता है।

अंतरिक्ष पर्यटन केवल रोमांच की यात्रा नही, बल्कि मानवता के विकास की नई दिशा है। यह हमें एक एहसास कराता है कि पृथ्वी केवल हमारा घर ही नही, बल्कि पूरा ब्राह्माण्ड हमारी संभावनाओं का विस्तार है।

जब कोई सामान्य व्यक्ति, वैज्ञानिक या सैनिक न होते हुए भी अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव करता है, तो इसे अंतरिक्ष पर्यटन कहा जाता है। इसका उद्देश्य केवल वैज्ञानिक अनुसंधान नहीं, बल्कि रोमांच मनोरंजन और अनुभव प्राप्त करना है। अंतरिक्ष पर्यटन आज दुनिया का नया आकर्षण बन गया है। कभी केवल वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों तक सीमित रहने वाली अंतरिक्ष यात्रा अब आम नागरिकों के लिये भी संभव हो रही है।

इसमें यात्री पृथ्वी को अंतरिक्ष से देख सकते है भारहीनता का अनुभव कर सकते है और कुछ घण्टे या दिन अंतरिक्ष में बिता सकते है। हालांकि इसकी लागत अभी बहुत अधिक है और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियाँ मौजूद है, लेकिन भविष्य में यह सामान्य लोगो के लिये भी सुलभ हो सकता है। खगोलीय उपकरण तथा तकनीकों का प्रयोग अंतरिक्ष की वस्तुओं के आंकड़े एकत्र करने के लिये किया जाता है। ब्राह्माण्ड में दिखाई देने वाले तत्व निश्चित तौर पर बड़े फासले के साथ भौगोलिक दृष्टि से संरचनाओं के रूप में संगठित है। यह दूरी या तो ग्रहों के बीच, तारो के बीच या गैलेक्सीकाओं के बीच की दूरी है। इसलिये ब्राह्माण्ड भौगोलिक दृष्टि से ऐसे क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है जो इस संरचना का पालन करते है। हमारी आकाश गंगा (मिल्की वे) गैलेक्सी ऐसी गैलेक्सी है, जिसे नेशनल ज्योग्राफिक सोसायटी द्वारा गैलेक्सियों को सुपर कलस्टर कहा जाता है। सामान्य अन्तर गैलेक्सी प्रक्रियाओं में ब्लैक होल होता है, गोलाकार समूह, उपग्रह गैलेक्सी, पीछे की ओर आवर्तन, हेलो सितारे, तीव्र गति वाले बादल, अंगुठीनुमा तारे, अभिवृद्धि डिस्क, गुरूत्व, कोणीय गति, केन्द्राभिमुख शक्ति, ज्वारीय प्रभाव, श्यानता एवं कक्षा की गति शामिल है। भौतिक विज्ञान में मिल्की वे गैलेक्सी से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित सम्पूर्ण विज्ञान शामिल है। सितारों के कई पहलुओं को अभी तक भौतिकी माध्यम से अच्छी तरह से वर्णित नही किया गया है। खगोलीय विज्ञान में, तारकीय विकास उन परिवर्तनों का क्रम है जो एक तारे के सैकड़ो, हजारों, लाखों या अरबों वर्षों के जीवन काल के दौरान आते है,जिसके दौरान यह प्रकाश और ऊष्मा छोड़ता है। उस समय के दौरान, तारा पूर्ण रूप से बदल जायेगा। भूगणित के विज्ञान में खगोल भौतिकी और ग्रह विज्ञान दोनों के ही महत्व है। पृथ्वी का बड़ा आकार काफी हद तक इसके घूर्णन के कारण है, जो इसके भूमध्य उभारों के कारण हैं

**© Shiksha Samvad| Received: 01 June 2025 | Accepted: 05 June 2025 | Published: 11 June 2025**

अंतरिक्ष से पृथ्वी का नजारा मानव अनुभवों में सबसे अद्‌भुत एवं अविस्मरणीय माना जाता है। अंतरिक्ष यात्री जब पृथ्वी को दूर से देखते है, तो अक्सर भावुक होकर इसे ब्लू मार्बल (Blue Marble) कहते है अथवा नीला मोती भी कहते है। पृथ्वी से गहरे काले ब्राह्माण्ड में तैरती हुयी नीली, सफेद और हरे–भूरे रंगों की गोलाकार गेंद जैसी दिखती है। महासागर गहरे नीले रंग में नजर आते है, जो पूरी सतह का लगभग 70% ढकते है।

बादल और वायुमंडल सफेद धुंधली परत के रूप में घूमते है जो पृथ्वी को जीवंत और बदलता हुआ रूप देते है। जंगल और भूमि हरे और भूरे रंगों के मिश्रण में दिखाई देते है, जबकि बर्फ से ढके ध्रुवीय क्षेत्र चमचमाते सफेद नजर आते है। अंतरिक्ष से पृथ्वी का वायुमंडल बहुत पतली नीली परत की तरह दिखाई देता है। पृथ्वी के एक हिस्से में सूरज की रोशनी होने से वह चमकदार दिखाई देता है, वहीं दूसरा हिस्सा अंधकार में होता है। रात में बड़े–बड़े शहरों की लाखों रोशनियां छोटे–छोटे तारों जैसी झिलमिलाती है। सूर्योदय और सूर्यास्त अंतरिक्ष से बेहद शानदार दिखते है। जब सूर्य धीरे–धीरे पृथ्वी के पीछे छिपता है, तो पूरा वातावरण नारंगी, लाल एवं नीले रंग की परतों से रंग जाता है। अंतरिक्ष से पृथ्वी का नजारा एक चमचमाते, जीवंत, नीले–सफेद रत्न जैसा होता है जो असीम अंधकार में अकेला चमकता है। यह नजारा न सिर्फ वैज्ञानिक दृष्टि से अद्‌भुत है, बल्कि मनुष्य की चेतना और भावनाओं को भी गहराई से छू लेता है।

वॉयेजर–1 एवं वॉयेजर–2 मानवता के सबसे दूरगामी यात्री आज भी अंतरिक्ष की अनंत दुनिया की सैर कर रहे है। वॉयेजर–1 और वॉयेजर–2 दोनों अंतरिक्ष यान अपनी–अपनी गति से यात्रा कर रहे है। वर्तमान में वॉयेजर–1 सबसे तेज और सबसे दूर मानव निर्मित यान है। इसकी गति 61,000 किलोमीटर प्रति घंटा अर्थात 17 किमी/सेकन्ड है। 5 सितम्बर 1977 को नासा द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। वर्ष 2025 में वॉयेजर–1 पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। वॉयेजर–2 को 20 अगस्त 1977 को नासा द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। वर्तमान में यह पृथ्वी से लगभग 20 अरब किलोमीटर की दूरी पर 55,000 किमी/घंटा अर्थात 15 किमी/सेकन्ड की चाल से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा है। दोनों यान अपनी गति को ग्रहों के पास से गुरूत्वाकर्षण सहायता (Gravity Assist) द्वारा प्राप्त करते है। जब ये बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून के पास से गुजरे तो ग्रहों के गुरूत्वाकर्षण ने इन्हें और अधिक गति दे दी। यही कारण है कि वे आज भी बिना किसी इंजन के अंतरिक्ष में तेजी से आगे बढ़ रहे है। वॉयेजर–1 एवं वॉयेजर–2 दोनों यान सूर्य के गुरूत्वाकर्षण से मुक्त होकर अनंत अंतरिक्ष की ओर निरंतर गतिमान है। दोनों यान 1977 में प्रक्षेपित हुये थे और आज (2025 में) इन्हें 47 वर्ष से अधिक हो चुके है। वैज्ञानिकों ने सोचा था कि ये लगभग 5 वर्ष तक काम करेंगे, लेकिन ये अब तक सक्रिय हैं और डाटा भेज रहे है।

© Shiksha Samvad| Received: 01 June 2025 | Accepted: 05 June 2025 | Published: 11 June 2025

वॉयेजर–1 ने 2012 में वॉयेजर–2 ने 2018 में अंतरतारकीय अंतरिक्ष (Interstellar Space) में प्रवेश किया। वहाँ ये सौर वायु (Solaar Wind) की सीमा कॉस्मिक किरणों और अंतरिक्ष के चुम्बकीय क्षेत्रों का अध्ययन कर रहे है।

## गोल्डन रिकार्ड की विशेषताः–

गोल्डन रिकार्ड पर न केवल सन्देश और संगीत है बल्कि मानव शरीर की संरचना, पृथ्वी का नक्शा और वैज्ञानिक गणनाएँ भी उकेरी गयी है। इसमें पृथ्वी की स्थिति को पल्सर मैप (Pulsor Map) के जरिए बताया गया है, ताकि कोई भी सभ्यता हमारी आकाशगंगा में पृथ्वी का स्थान समझ सके। वॉयेजर यानों से आने वाले रेडियो सिगनल को पृथ्वी तक पहुँचने में 18 से 21 घन्टे लगते है। संचार के लिये NASA का डीप स्पेस नेटवर्क उपयोग होता है, जिसमें अमेरिका, स्पेन और आस्ट्रेलिया में विशाल एंटेना लगे है। दोनों यान Radioisotape Thermoelectric Generator (RTG) से चलते है, जिनमें प्लूटोनियम–238 का इस्तेमाल किया गया है। इससे धीरे–धीरे ऊर्जा घट रही है अनुमान है कि 2030 के आसपास यान पूरी तरह से साइलेन्ट हो जायेगा।

वॉयेजर–1 वर्तमान में मानवता द्वारा बनाया गया सबसे दूर स्थित यान है। इसकी दूरी इतनी अधिक है कि अगर आप प्रकाश की चाल से चलें तो पृथ्वी से वहां तक पहुँचने में 22 घन्टे से अधिक लगेंगे। जब यह यान संकेत भेजना बन्द कर देंगे, तब भी वे अरबो वर्षो तक अंतरिक्ष में यात्रा करते रहेंगे। वे भविष्य में किसी अन्य सभ्यता के लिये पृथ्वी का टाइम कैप्सूल बनकर रहेंगे। वॉयेजर–1 और वॉयेजर–2 हमारे विज्ञान, तकनीकी और जिज्ञासा की अमर गाथा है। वे हमें सिखाते है कि मानवता चाहे कितनी भी छोटी क्यों न लगे, उसके सपने ब्राह्माण्ड जितने बड़े हो सकते है।

## अंतरिक्ष पर्यटन (Space Tourism) :–

आज विज्ञान, तकनीकी और व्यापार तीनों का अनोखा संगम बन चुका है। अभी यह शुरूआती दौर में है लेकिन भविष्य में इसकी सम्भावनाएँ अपार है। आज प्रमुख तीन कम्पनियाँ अंतरिक्ष पर्यटन के क्षेत्र भविष्य की अपार सम्भावनाओं के साथ कार्य कर रही है। स्पेस्एक्स की निजी यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा और आगे ले जाने योजना पर कार्य कर रही है। ब्लू ओरिजिन न्यू शेपर्ड रॉकेट से कुछ मिनटों की सब–आर्बिटल फ्लाइट मुहैया करा रही है। वर्जिन गैलेक्टिक पर्यटको को 80–90 किमी ऊँचाई तक ले जाकर कुछ मिनट भारहीनता का रोमांचक अनुभव कराती है। वर्तमान में इन कम्पनियों के टिकट की कीमत करोड़ों रूपयों से लेकर कई लाख डॉलर तक है। अभी यात्राएं सब–आर्बिटल या लो–अर्थ आर्बिट तक सीमित है। यात्री कुछ मिनट भारहीनता और पृथ्वी का अद्भुत दृश्य देखते है।

## भविष्य की सम्भावनाएँ :–

© Shiksha Samvad| Received: 01 June 2025 | Accepted: 05 June 2025 | Published: 11 June 2025

आने वाले वर्षो में तकनीकि सस्ती होगी, जिससे आम लोग भी इसे वहन कर पाएंगे। आने वाले 20–30 सालों में टिकट की लाखों रूपये घटने की सम्भावना है। कम्पनियॉ आर्बिटल स्पेस होटल की योजनाएं बना रही है, जहाँ यात्री कुछ दिन रहकर अंतरिक्ष का अनुभव कर सके। लम्बी अवधि में चन्द्रमा और मंगल पर भी पर्यटन बेस बनने की सम्भावना है।

छात्र, शोधकर्ता और आम लोग भी प्रत्यक्ष रूप से अंतरिक्ष का अनुभव कर सकेंगे। इससे विज्ञान व अंतरिक्ष तकनीकि के प्रति लोगों में रूचि बढ़ेगी। अंतरिक्ष पर्यटन से जुड़े हजारो नये रोजगार और उद्योग विकसित होंगे। राकेट निर्माण, स्पेस होटल, सुरक्षा एवं प्रशिक्षण आदि के लिये युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान होंगे।

वर्तमान में अंतरिक्ष पर्यटन केवल अमीर लोगों के लिये उपलब्ध है। लेकिन भविष्य में यह वैसे ही सामान्य हो सकता है जैसे आज हवाई यात्रा है। आने वाले 20 से 30 वर्षो में हम ऐसे समय को देख सकते है कि जब आम लोग भी अंतरिक्ष की यात्रा कर सकेंगे, वहां होटल में ठहरेंगे और पृथ्वी को अंतरिक्ष से निहारेंगे।

अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर, स्पेस टूरिज्म अब सिर्फ सपना नही, बल्कि वास्तविकता बन चुका है।

सब आर्बिटल फ्लाइट्स (Blue Origin, Vergin Galactic) नियमित रूप से हो रही है। Orbital Stages के लिये Axiom Station और Orbital Assembly जैसे वाणिज्यिक स्पेस स्टेशन बन रहे है। अधिक ताजगी और सस्ते विकल्पों में एयर–वायुमण्डलीय फ्लाइट्स भी शामिल हो रही है।

## उपसंहार :–

मानव सभ्यता की कहानी सदैव नई सीमाओं की खोज से जुड़ी रही है। कभी समुद्रो को पार कर नई भूमि की तलाश की गई, तो कभी पर्वतों को जीतकर अपनी शक्ति साबित की गई। आज वही यात्रा अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों की ओर बढ़ रही है।

अंतरिक्ष अन्वेषण और पर्यटन केवल विज्ञान का विषय नही, बल्कि मानव जिज्ञासा, साहस और प्रगति का प्रतीक है। वॉयेजर जैसे यान हमें यह एहसास दिलाते है कि हमारे पहुँच सौर मण्डल की सीमाओं से भी आगे बढ़ चुकी है वहीं, अंतरिक्ष पर्यटन हमें यह सिखाता है कि आने वाला कल सिर्फ वैज्ञानिकों या अंतरिक्ष यात्रियों का नही, बल्कि साधारण मनुष्यों का भी होगा, जो ब्राह्माण्ड की अद्भुत यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

आज जब ब्लू ओरिजिन, वर्जिन गैलेक्टिक एवं एक्सिओम स्पेस जैसी कम्पनियॉ अंतरिक्ष पर्यटन की नींव रख रही है, तो यह केवल एक व्यापारिक पहल नही है। यह उस भविष्य की झलक है जहाँ ब्राह्माण्ड मानव का नया घर बन सकता है।

© Shiksha Samvad| Received: 01 June 2025 | Accepted: 05 June 2025 | Published: 11 June 2025

मंगल और चाँद पर बस्तियों की योजना कृत्रिम गुरूत्व वाले स्पेस होटल और खगोलीय संसाधनों का उपयोग हमें यह सिखाता है कि आने वाले समय में अंतरिक्ष मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बनने वाला है।

लेकिन इन सम्भावनाओं के साथ ही हमें जिम्मेदारी भी निभानी होगी। पर्यावरणीय संतुलन, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग अंतरिक्ष का शान्तिपूर्ण प्रयोग यह तय करेगा कि यह यात्रा केवल तकनीकि उपलब्धि न रहकर, सम्पूर्ण मानवता के लये कल्याणकारी साबित हो। इस प्रकार कहा जा सकता है कि **''अंतरिक्ष की अनंत दुनिया हमारे सपनों, विज्ञान और साहस का संगम है।''**

यह यात्रा अभी प्रारम्भ हुई है और भविष्य की पीढ़ियाँ इसी और आगे बढ़ाएँगी। सम्भव है कि आने वाले दशकों में ''अंतरिक्ष पर्यटन'' उतना ही सामान्य अनुभव बन जाए, जितना आज हवाई यात्रा। अन्ततः अंतरिक्ष केवल गंतव्य नहीं है—यह हमारी जिज्ञासा, हमारी आकांक्षाओं और हमारी अनंत सम्भावनाओं का दर्पण है।

आज की यह शुरूआत आने वाली पीढ़ियों के लिये राह बनेगी, जहाँ अंतरिक्ष यात्रा, हवाई यात्रा जितनी सहज होगी। तब शायद जब कोई बच्चा आकाश की ओर निहारेगा, तो तारा नही, बल्कि किसी स्पेस—क्राफ्ट की चमक उसे प्रेरित करेगी।

## सन्दर्भ सूची


1- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) (2023)। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम  उपलब्धियाँ एवं भविष्य की योजनाएँ नई दिल्लीरू इसरो प्रकाशन।

2- नासा। (2022)। ह्यूमन स्पेस एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट। वॉशिंगटन डी.सी.रू छ।ै।।

3- मिश्रा, आर. के. (2021) अंतरिक्ष विज्ञान और मानव सभ्यता। वाराणसीरू गंगा पब्लिकेशन।

4- वर्मा, डी. एस. (2020) स्पेस टूरिज्म का विकास और संभावनाएँ। जयपुररू राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रेस।

5- सैनी, पी. एल. (2022) वर्जिन गैलेक्टिक और ब्लू ऑरिजिनरू अंतरिक्ष यात्रा का नया युग। विज्ञान भारती जर्नल, खंड 38(2)।

6- कुमार, एस. (2023) स्पेसएक्स और मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों का भविष्य। लखनऊरू ज्ञानसागर पब्लिशर्स।

7- चतुर्वेदी, एन. (2019)। मानव सभ्यता का अंतरिक्षीय विस्तार। भारतीय विज्ञान समीक्षा, खंड 14(3)।

8- सिंह, आर. (2020)। स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजीरू एक समग्र अध्ययन। पटनारू विद्यार्थी प्रकाशन।

9- शर्मा, आर. (2022)। व्रजफलक अन्वेषणरू विज्ञान से दर्शन तक। नई दिल्ली भारतीय शैक्षणिक प्रकाशन।

10- गुप्ता, ए. (2021)। अंतरिक्ष में भारतीय योगदान। इलाहाबादरू यश पब्लिशिंग हाउस।

11- विश्व विज्ञान परिषद। (2020)। मानवता और अंतरिक्षरू भविष्य की दृष्टि। जिनेवा।

12- जोशी, एस. (2023)। स्पेस टूरिज्मरू आर्थिक और नैतिक पहलू। भारतीय अनुसंधान पत्रिका, खंड 9(1)।

13- अंतरिक्ष अनुसंधान एवं विकास परिषद। (2024)। स्पेस इंडस्ट्री रिपोर्ट। नई दिल्ली।

14- सिंह, सुरेन्द्र। (2025)। व्रजफलक की अनंत नदियाँ एवं व्रजफलक पर्यटन। भविष्य विज्ञान पत्रिका, अंक 12(4), 45–58।

This is an Open Access Journal / article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution License CC BY-NC-ND 3.0) which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited. All rights reserved

***Cite this Article:***

**सुरेन्द्र सिंह, "अंतरिक्ष की अनंत दुनिया एवं अंतरिक्ष पर्यटन"** *Shiksha Samvad International Open Access Peer-Reviewed & Refereed Journal of Multidisciplinary Research, ISSN: 2584-0983 (Online), Volume 2, Issue 4, pp.316-324, June 2025. Journal URL: https://shikshasamvad.com/*

# CERTIFICATE

## of Publication

*This Certificate is proudly presented to*

सुरेन्द्र सिंह

**For publication of research paper title**

**अंतरिक्ष की अनंत दुनिया एवं अंतरिक्ष पर्यटन**

Published in 'Shiksha Samvad' Peer-Reviewed and Refereed Research Journal and E-ISSN: 2584-0983(Online), Volume-02, Issue-04, Month June 2025, Impact-Factor, RPRI-3.87.

**Dr. Neeraj Yadav**
**Editor-In-Chief**

**Dr. Lohans Kumar Kalyani**
**Executive-chief- Editor**

**Note:** This E-Certificate is valid with published paper and the paper must be available online at: https://shikshasamvad.com/